## विधि प्रकोष्ठ ने पुलिस अधीक्षक को दिया ज्ञापन

# पसंदीदा वकीलों से पैरवी कराने पुलिसकर्मियों का दबाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

अपने पसंदीदा वकीलों से काम कराने के लिए कुछ पुलिसकर्मी आरोपियों पर दबाव डालते है। इस बाबत आज विधि प्रकोष्ठ जिला पांढुर्ना के बैनरतले अनेक अधिवक्ताओं ने जिला पुलिस अधिक्षक महोदय के नाम एडीशनल एसपी नीरज सोनी को ज्ञापन प्रदान किया। विधि प्रकोष्ठ के ज्ञापन के अनुसार पुलिस थानों में जो अपराध दर्ज किए जाते है उन प्रकरणों में संबंधित आरोपियों को कुछ पुलिसवाले पसंदीदा वकीलों की सहायता लिए जाने का दबाव डालते है। विधि प्रकोष्ठ के अनुसार यह अनुचित है और पक्षकारों के कानूनी अधिकारों का हनन है। विधि प्रकोष्ठ के ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि जिले के चौकियों एवं थानों में दर्ज दुर्घटना प्रकरण और हर प्रकार के मामलों में कुछ पुलिसकर्मी अधिवक्ताओं का नाम बताकर उनसे पैरवी कराने का दबाव पक्षकारों पर डाल रहे है। ज्ञापनदाता वकीलों ने पुलिस अधिकारियों से इस बारे में पुलिसकर्मियों को सख्त निर्देश दिए जाने की अपील की है।

## पीएम श्री कॉलेज में दीक्षारंभ समारोह

**पांढुर्ना।** आज पीएम श्री कॉलेज में प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ समारोह कराया गया। इस समारोह का आरंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर हुआ। इस अवसर पर संबोधित करते हुए डॉ. डीएस बिसेन ने कहा कि विद्यार्थियों को कुसंगति से बचते हुए व्यावहारिक जीवन में नैतिक और मानवीय मूल्य को विकसित करना चाहिए। इन्होंने बताया कि अब शासन की मंशा के अनुरूप मुख्य विषय, गौण विषय, इलेक्टिव विषय, वैल्यू एडिशन कोर्स का चयन कर पाएंगे। इससे छात्रों के ज्ञान, कौशल विकास और रोजगार प्राप्ती में सहायता मिलेगी।



महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शहनाज खाने ने कहा कि नई शिक्षा नीति में तीन चार वर्षीय बहुसंकाय स्नातक पाठ्यक्रम है जिसमें सभी पाठ्यक्रम क्रेडिट सिस्टम पर आधारित होने के साथ ही च्वॉइसबेस्ट सिस्टम के तहत होंगे। 3-4 वर्षीय पाठ्यक्रम को विद्यार्थी अधिकतम 7 वर्ष में पूर्ण कर सकते है। इस कार्यक्रम के अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साहवर्धक पोस्टर और रंगोली बनाई थी।

## स्टेट बैंक चिखलीकलां ने मनाया स्थापना दिवस



**परासिया** : भारतीय स्टेट बैंक स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा - चिखली कलां का स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक लोकेश कुमार चौधरी एवं शाखा ए.फो.एस (F.O.S.) - तनवीर आलम के द्वारा न्यूटन नगर के द्वारा बैंक से जुड़े सभी प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ एवं समस्त गणमान्य नागरिकों से मिलकर शुभकामनाएं प्रेषित की गई और शाखा से जुड़े होने हेतु आभार व्यक्त किया गया। न्यूटन नगर में भारतीय स्टेट बैंक शाखा चिखली कला के द्वारा मिठाई और चॉकलेट्स का वितरण किया गया और सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## लोग कर रहे बेटी के विवाह के लिए मदद, राजेंद्र ने दिए 21 हजार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

ग्राम पंचायत बोरगांव में समाजसेवियों के द्वारा आर्थिक तंगी और अपनी बेटियों के विवाह के लिए परेशान परिवारों की मदद करने की सराहनीय पहल की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बोरगांव में बीते दिनों निर्धन परिवार में विवाह समारोह के लिए जनभागीदारी से आर्थिक सहायोग की पहल शुरु की थी उससे प्रभावित होकर छिंदवाड़ा के राजेंद्र भल्ला द्वारा मदद का हाथ बढ़ाते हुए बच्ची की शादी हेतु 21000 राशि प्रदान की है। बोरगांव ग्राम पंचायत युवा सरपंच पंकज दातारकर ने बताया कि आज भी समाज में अच्छे लोगों की कोई कमी नहीं है, जान पहचान ना होते हुई भी सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र भल्ला द्वारा स्वेच्छा से मुझसे संपर्क करते हुए आर्थिक सहयोग करने की बात कही एवं बच्ची को अपनी ओर से 21000 की राशि प्रदान की है। ऐसे सज्जन पुरुष का बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार। आज सबकी उपस्थिति में यह राशि उनकी माता जी को ग्राम पंचायत बोरगांव कार्यालय में प्रदान की गई।

## युकां चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस प्रभारी ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कार्यालययुवक कांग्रेस चुनाव संबंध में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई है। मिली जानकारी के अनुसार जिला युवा कांग्रेस में चल रही चुनावी प्रक्रिया को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देश पर जिला कांग्रेस पाढुर्णा प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी ने युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर चुनाव के संबंध में चर्चा की है। बैठक के दौरान संगठन मजबूती, युवा कांग्रेस के द्वारा अधिक अधिक सदस्य बना कर युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों को निर्वाचन करने मे सभी युवा कांग्रेस साथीयो की भुमिका सुनिश्चित करने आदि पर चर्चा की गई है। बैठक के दौरान संगठन को लेकर कांग्रेस युवक कांग्रेस के नेताओं ने भी अपनी बात रखी है। बैठक के दौरानयुवक काँग्रेस प्रदेश महासचीव पद के लिएसोपान कोहले सौसर 55, जिला अध्यक्ष - प्रशांत धुर्वे -1 जिला सचीव, योगेश अबाडरे - 2 विधानसभा अध्यक्ष - राजा बोढे - 1 ब्लॉक अध्यक्ष - हर्षल पिंगळे- 2 सभी प्रत्याशी को अधीक अधिक मतदान कराने के लिए सभी को निर्देशित किया गया है।बैठक में पुनाराम बावीस्टाले ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सौंसर, अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र यमदे,अशोक चौधरी, युवराज जिचकार, पीपला नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कैलाश चौधरी, विलास जोगी,जिला अध्यक्ष नानेश्वर गावड़े, जिला युवक कांग्रेस प्रभारी पंकज दातारकर,अरविंद डहाके, डॉ शिव सा लो ट क र , अ म री श जायसवाल,राजा बोढे, अलकेश बागड़े,शाहिद सिद्दकी आदि थे।

**युवक कांग्रेस प्रदेश महासचिव के लिए करें मतदान:** चर्चा के दौरान प्रदेश युवक कांग्रेस महासचिव पद के दावेदार, प्रत्याशी सोपान कोहले ने बतायापूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ जी आशीर्वाद और जिले प्रदेश वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन में मेरे द्वारा युवक कांग्रेस प्रदेश महासचिव के लिए नामांकन भरा गया है।मुझे ओर जिला युवक कांग्रेस पदाधिकारी को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील करता हूं।

## पाँचवी मुहर्रम को चांदशाह वली की दरगाह पहुंचे हुसैनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

माहे मुहर्रम जो इस्लामी साल का पहला महीना है। इस महीने की पहली तारीख से दसवीं तारीख मुस्लिम समुदाय के लोग हजरत इमाम हुसैन की याद में मनाते हैं। इस्लामी कैलेंडर के हिसाब से 1 जुलाई मंगलवार को मुहर्रम की 5 तारीख मनाई गई। न्यूटन और आस - पास के लोग पाँचवी मुहर्रम को बाबा चाँदशाह वली की दरगाह पहुंचे। यहां सभी ने दरगाह पर फातेहा की। न्यूटन बस स्टैंड की लंगरे हुसैन कमेटी ने यहां लंगर तकसीम किया। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों के हक़ में दुआएं मांगी गई। कुछ लोगों को सवारियां भी आई। 6 जुलाई को मुहर्रम की 10 तारीख हजरत इमाम हुसैन की शहादत के रूप में मनाई जाएगी। मुस्लिम समुदाय के लोग कर्बला (पेंच नदी के घाट) पर पहुंच कर यादें हुसैन में अपनी अक़ीदत पेश करेंगे।

## कार्यालय सहायक कोंडेकर को दी भावभिनी विदाई

**सौंसर।** ग्रामीण सेवा यांत्रिकी विभाग में कार्यालय सहायक के रूप में सेवायें देनेवाले रामचंद्र कोंडेकर को सोमवार को सेवानिवृत्ति पर भावभिनी बिदाई दी गई। 42 वर्षो तक शासकीय सेवा देनेवाले श्री कोंडेकर का अनुविभागीय अधिकारी ठाकुर प्रसाद घोरमारे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रफुल लव्हाहे की प्रमुख उपस्थिति में षाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेट कर सत्कार किया गया। अवसर पर बोलते हुये वक्ताओं ने कहा कि, षासकीय सेवक के लिये सेवाकाल के अंतिम दिवस पर मिलनेवाला सम्मान उसके जीवन और व्यवहार की असली पूंजी होती है। श्री कोठेंकार का आगे का जीवन सुखद और स्वस्थ्य हो ऐसी शुभकामना। अवसर पर सुरेष लुटे, अमित बिनाकीया, कार्तिक पाटिल, नितीन तंतुवाय,वर्षा पटले, संजय अनेराव, सचिव योगेष भद्रे, कमलाकर बोबडे सहित जनपद एवं ग्रामीण सेवा यांत्रिकी विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्थानांतरण होने उपरांत स्टाफ ने दी विदाई



**बिछुआ।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सिंगारदीप में अधीक्षक रहे शिक्षक वीरेंद्र कुमार सोनी जी का ट्रांसफर होने उपरांत स्टाफ के द्वारा उन्हें विदाई दी गई। वीरेंद्र कुमार सोनी का स्थानान्तरण एकलव्य विद्यालय सिंगारदीप से हाई स्कूल लोहांगी हुआ है। इसके अलावा शिक्षक सुनील कुमार देशमुख जी को भी स्टाफ के द्वारा विदाई दी गई। इस दौरान मुख्य रूप से संस्था प्राचार्य समेत शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## वार्डवासियों ने विधायक विवेक पटेल से पक्की सड़क बनवाने की रखी मांग

# नगर पालिका उपाध्यक्ष के वार्ड में गंदगी की भरमार





### विधायक विवेक पटेल ने वार्ड नंबर 1 व 2 का किया निरीक्षण

वारासिवनी।

नगर में विकास के नाम का ढोल पिटती नगरपालिका के वार्डो का क्या हाल हैं, इसका अंदाजा नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रीति संतोष शिव के घर के बाजू में फैली गंदगी और सडक़ों पर बहते गंदे पानी से नजर आता हैं। जब नगरपालिका उपाध्यक्ष के वार्ड का यह हाल हैं, तो बाकी वार्डो का क्या हाल होगा?

नाली में बजबजाती गंदगी, सडक़ों पर बहता गंदा पानी की शिकायत और पक्की नाली निर्माण की मॉग वार्डवासियों द्वारा कई बार आवेदन के माध्यम से नगरपालिका अधिकारियों व पार्षदों से की गई। लेकिन वार्डवासियों की मांग को नगर पालिका की उपाध्यक्ष और अधिकारियों ने को अनसुना कर दिया। नगरपालिका से नाराज वार्डवासियों ने विधायक विवेक विक्की पटेल के निवास पर पहुँच कर उनसे मुलाकात करते हुए वार्ड में पक्की नाली बनवाने और सडक़ की मरम्मत करवाने की बात कहीं। जिसके बाद विधायक विवेक पटेल ने बहुत जल्द नाली बनवाने और पक्की सडक़ बनवाने का आश्वासन वार्ड वासियों को दिया।

### वार्डवासियों की शिकायत के बाद वार्ड में निरीक्षण करने पहुँचे विधायक विवेक पटेल

वार्डवासियों से मुलाकात के बाद विधायक विवेक पटेल दूसरे दिन नगरपालिका उपाध्यक्ष के वार्ड पहुँचे और सडक़ों पर बहता गंदा पानी देख नगरपालिका के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने वार्डवासियों से कहा कि नगरपालिका उपाध्यक्ष के घर में बाजू में यह हाल हैं, तो नगर के बाकी वार्डो का क्या हाल होगा? उन्होंने वार्डवासियों से बहुत जल्द पक्की नाली बनवाने की बात कही।

### परिषद की बैठक में नपा उपाध्यक्ष ने भी की थी शिकायत

कहा जाता हैं कि जब कोई सत्ता में बैठ जाता हैं, तो उसके सारे काम एक फोन पर हो जाते हैं। मगर वारासिवनी नगरपालिका में ऐसा नहीं हैं। बताया जाता हैं कि खुद नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रीति संतोष शिव ने परिषद की बैठक में अपने वार्ड में फैली गंदगी, पक्की नाली निर्माण करने और कर्मचारियों द्वारा फोन नहीं उठाने की शिकायत नगरपालिका सीएमओ से की थी। जब नगरपालिका उपाध्यक्ष की शिकायतों को सुनने वाला कोई नहीं हैं, तो समझो शहर की जनता की परेशानियों को कौन सुनेगा? वैसे भी नगरपालिका में अध्यक्ष तक की बात को नही सुनने की चर्चाएँ आम है।

नपा उपाध्यक्ष के वार्ड का हाल ही बता रहा हैं कि बाकी वार्डो में क्या हाल होगा? विवेक पटेल वार्ड का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से चर्चा में विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार एक तरफ जल गंगा संवर्धन अभियान चला रही हैं। इस अभियान को नगरपालिका वारासिवनी में बैठे अधिकारी व पदाधिकारीगण पलीता लगा रहे हैं। नगर के वार्ड नंबर 1 व 2 में नाली नहीं होने से सडक़ों पर गंदा पानी बहता हैं, जिससे लोगों को आवा जाही करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गंदे पानी की निकासी के लिए नाली भी नहीं हैं, जिससे गंदा पानी सडक़ पर बहता रहता है। वहीं सडक़ पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। कई बार वार्डवासियों द्वारा नगरपालिका में बैठे अधिकारियों को सडक़ बनाने कहां गया, मगर उन्होंने वार्डवासियों की बातों को अनसुना कर दिया। हमारे पास वार्डवासियों ने पक्की नाली और सडक़ बनवाने की मांग की हैं, बहुत ही जल्द वार्डवासियो की मांग की पूरा किया जायेगा।



## चंदन नदी किनारे पौधारोपण कर नपा ने किया जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन



**वारासिवनी।** नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन करने के बाद उसका विधिवत समापन चंदन नदी के तट पर स्थित मोक्षधाम की भूमि पर पौधारोपण कर किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष सरिता दांदरे, वरिष्ठ नेता शैलेन्द्र सेठी व पार्षदगण संदीप मिश्रा, मोनू लिमजे, प्रवीण डोंगरे, मदन धार्मिक, आशुतोष कोहाड, पूर्व पार्षद सोनू जायसवाल, लोकेश ठाकरे उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि पौधारोपण हम सब की सामाजिक व नैतिक जिम्मेदारी है। इसलिए सभी अधिक से अधिक पौधारोपण करें तथा अपने परिजनों व दोस्तों को इसके लिए प्रेरित करें। पर्यावरण संतुलन के लिए पौधारोपण बहुत ही जरूरी है। हम अच्छे वातावरण की उम्मीद तो करते हैं, लेकिन अपनी जिम्मेदारी नहीं समझते है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य ही लगाना चाहिए। पौधारोपण मानव जीवन के भविष्य के लिए अनिवार्य है। अगर हम अभी नहीं संभले, तो इसका खामियाजा भविष्य में नयी पीढ़ी को भुगतना पड़ेगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा नगर मंडल के पदाधिकारीगण, प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके, पार्षदगण व भाजपा कार्यकर्तागण, गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे। नगरपालिका परिषद ने मोक्षधाम में बड़े पौधों का रोपण कर उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए हैं।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का ग्राम सावंगी में किया गया समापननदियों और पर्यावरण को बचाने हम सभी करे प्रयास -विवेक पटेल

**वारासिवनी।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रकृति के अनमोल संसाधनों को बचाने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसका शुभारंभ 30 मार्च को किया गया था, वही समापन 30 जून को ग्राम सावंगी में विधायक विवेक विक्की पटेल की उपस्थिति में किया गया। वहीं जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 लोगों को विधायक विवेक विक्की पटेल के हस्ते प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समापन अभियान के अवसर पर वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने पर्यावरण प्रेमी, स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों, विभिन्न संस्थानों के पदाधिकारियों को तालाब में फैले कचरों को एकत्रित कर सफाई करने के साथ- साथ क्षेत्र के लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

**ग्राम में सात नवीन खेत तालाब का हुआ निर्माण-** जनपद पंचायत वारासिवनी की सीईओ दीक्षा जैन ने बताया कि 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा हैं, जिसका समापन ग्राम सावंगी में विधायक विवेक विक्की पटेल की उपस्थिति में किया गया। वारासिवनी जनपद पंचायत क्षेत्र के 60 पंचायतो में 390 नवीन खेत तालाब का निर्माण किया गया हैं। ग्राम सावंगी 22 लाख 71 हजार रूपये की लागत से सात खेत नवीन तालाब का निर्माण किया गया हैं। वहीं वारासिवनी जनपद पंचायत क्षेत्र में 200 से अधिक पुराने तालाब का जीर्णोद्धार का काम भी किया गया हैं।

**कुँये और तालाबों में ज्यादा से ज्यादा पानी संग्रहित करने का करे प्रयास-विवेक पटेल-** इस मौके पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि यह शासन की एक अच्छी पहल हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तरह नदी और तालाब की साफ. सफाई के साथ-साथ नवीन खेत तालाब का भी निर्माण किया गया। गर्मी






बढने का मुख्य कारण पेड़ों की कटाई हैं, जो बेतहाशा जारी हैं। पर्यावरण संतुलन रखने के लिए हम सभी को एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए और जब तक पेड़ बड़े नहीं हो जाते हैं, तब तक हमें उन नन्हे पेड़ों की अपने बच्चों के समान देखभाल करनी चाहिए। पेड़ हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, इनकी सुरक्षा करना हमारे जीवन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हैं। इसे हमें भूलना नहीं चाहिए।

**वन माफिया कर बेतहाशा पेड़ों का कत्लेआम-** उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में वन माफियाओं द्वारा बेतहाशा तरीके से पेड़ों का कत्लेआम किया जा रहा हैं। जिस वजह से धरती का पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा हैं, जिसका नुकसान इंसानों सहित तमाम जीव जंतुओं पर भी पड़ रहा हैं। ग्राम में नवीन तालाब बनवाने के साथ-साथ ग्राम के लोगों को रोजगार भी मिला हैं। इस वर्ष गर्मी में तालाब और कुँये भी सूख गए थे। इससे यह प्रतीत होता हैं कि आने वाले समय में पानी का और संकट होगा, इसलिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए और दूसरो को भी पेड़ लगाने प्रेरित करे, पानी बचाये और पानी को रोककर रखे।

**यह रहे उपस्थित-**इस दौरान जनपद सीईओ दीक्षा जैन, सरपंच महेंद्र राणा, सचिव अंकित जायसवाल, उपसरपंच धनेद्र चौहान, पन्नालाल ठाकरे, संदेश बिसेन, उज्ज्वल सलामे, नीलेश राणा, शंकरलाल उइके, श्यामाबाई गरगे, रंजना शेंन्द्रे, सुनीता गौतम, शकुंतला राणा, सुनीता आचरे, वर्षा गौतम सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### रेत उत्खनन पर प्रतिबंध

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने शासन के निर्देशानुसार जिले में मानसून सक्रियता को दृष्टिगत रखते हुए जिले की समस्त रेत खदानों, नदियों एवं नालों से रेत उत्खनन पर 30 जून 2025 मध्यरात्रि से 01 अक्टूबर 2025 तक प्रतिबंध लगाये जाने के आदेश जारी किये हैं।

### गड्ढे में गिरी कार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी से बंडोल दिशा की ओर जा रही सफेद रंग की कार सोमवार की रात लगभग 9.50 बजे अनियंत्रित हो गई। कार न्यू अग्रोहा लॉन के सामने सड़क के किनारे मिट्टी, पत्थर से जा टकराई। कार में 4 लोग सवार थे। कार दुर्घटना में कार के एयर बैग खुल गए जिससे कार में सवार चारों लोग सकुशल बच गए।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन के अवसर पर जिले की सभी जनपदों एवं ग्राम पंचायतों में कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

# राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को देखा व सुना गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुर्नजीवन के लिए शासन द्वारा चलाये गए महत्वाकांक्षी जल गंगा संर्वधन अभियान का आज खंडवा के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में समापन किया गया। इस अवसर पर सिवनी जिले के सभी जनपदों, ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रमों के आयोजन किए गए।

जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय के ग्राम लखनवाड़ा स्थित बैनगंगा नदी तट पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डहेरिया, जनपद अध्यक्ष किरण भलावी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, प्रभारी सीईओ जनपद सुश्री रेखा देशमुख की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने बैनगंगा तट पर वृक्षारोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम स्थल पर खंडवा से प्रसारित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को देखा व सुना गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा अभियान के दौरान उल्लेखनीय कार्य करने वाले जलदूतों एवं आमजनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इसी तरह जिले की सभी जनपदों एवं ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित हुए जनपद पंचायत छपारा में जनपद अध्यक्ष सदमसिंह वरकड़े, जनपद उपाध्यक्ष श्री प्रभात सिंह, उपाध्यक्ष नगर परिषद छपारा श्री शिवकांत सिंह के साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राकेश दुबे, धनौरा में आयोजित कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्री गुलाब सिंह भलावी, उपाध्यक्ष श्री सुदीप मिश्रा, जनपद सदस्य श्री केरसिंह कुमरे, श्री नवल कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### जलगंगा संवर्धन अभियान के दौरान संवरी धूमा की प्राचीन बावड़ी



**सिवनी 30 जून 25/** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जनसमुदाय और जिला प्रशासन की भागीदारी से जिले में मौजूद प्राचीन बावडियों, कूप और अन्य जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण का कार्य करने के साथ ही आमजनों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने की दिशा में अनेकों गतिविधियां की गई हैं। जिनके सार्थक परिणाम भी धरातल पर दिखाई दे रहे हैं। शासन की इस पहल से प्राचीन जल स्त्रोतों को सहेजने एवं संवारने से इन जल संरचनाओं को पुनर्जीवन मिल रहा है।

ऐसा ही उदाहरण लखनादौन विकासखंड के ग्राम धूमा की प्राचीन बावड़ी का भी है। अभियान के दौरान स्थानीय स्वप्रेरणा से ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं जनअभियान परिषद के सदस्यों ने श्रमदान कर इस ऐतिहासिक बावड़ी की साफ-सफाई की है। कालांतर में उग आई झाडियों एवं मिट्टी तथा कूड़ा-करकट को हटाने के उपरांत यह बावड़ी पुनः आकर्षण का केन्द्र बन गई है। जल गंगा संवर्धन अभियान जैसे महत्वपूर्ण अभियान के कारण वर्षा पूर्व बावड़ी की साफ-सफाई होने से मानसून के दौरान बावडियों में पर्याप्त मात्रा में वर्षाजल एकत्रित होगा, जिसका लाभ क्षेत्रीय ग्रामीणों को तो मिलेगा ही, बल्कि यह बावडियां भू-जल स्तर बढाने में भी मदद करेंगी।

# सिवनी मेडिकल कॉलेज में राजस्थान के युवा डॉक्टर की मौत, 5 दिन पहले मनाया जन्मदिन

**सिवनी जिला मुख्यालय में स्थित मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप कोर्स में 1 साल के कोर्स के लिए आए 27 वर्षीय डॉक्टर की मेडिकल कॉलेज कैंपस में स्थित हॉस्टल में सोमवार को सुबह लगभग 8 बजे तबियत खराब होने और अस्पताल ले जाते समय बीच रास्ते में मौत हो गई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिससे डॉक्टर खेमे में सनसनी फैल गई। डॉक्टर की मौत की खबर सुनते ही उनके परिजन दौसा राजस्थान से सिवनी के लिए रवाना हो गए हैं। परिजनों की मौजूदगी में मंगलवार को पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। वही मंगलवार को डॉक्टर डे भी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिवनी मेडिकल कॉलेज में विदेश से डॉक्टरी की पढ़ाई कर फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट (एफएमजी) स्टूडेंट इंटर्नशिप के लिए (1 साल के कोर्स इंटर्नशिप के लिए) डॉक्टर प्रदीप पिता जनक सिंह गुर्जर (27) निवासी दौसा राजस्थान से यहां आए हुए थे। वे डूंडासिवनी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मेडिकल कॉलेज सिवनी के हॉस्टल में रह रहे थे। सोमवार को सुबह लगभग 8 बजे उनकी तबीयत बिगड़ी। उस वक्त वहां उनके साथ ही डॉक्टर सिमरन गावा सहित अन्य डॉक्टर मौजूद थे, जिन्होंने उपचार के लिए बारापत्थर क्षेत्र स्थित बिसेन हॉस्पिटल ले जाने निकले। जहाँ बीच रास्ते में ही उनके प्राण पखेरू उड़ गए। बिसेन हॉस्पिटल के डॉक्टर ने जांच के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। 27 वर्षीय युवा डॉक्टर की मौत पर फिलहाल संशय बना हुआ है। डॉक्टर की मौत हार्ट अटैक से हुई है या अन्य कारण से फिलहाल यह अज्ञात है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही इसका खुलासा हो सकेगा।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इंटर्नशिप स्टूडेंट डॉक्टर प्रदीप गुर्जर का 25 जून को जन्मदिन था। उन्होंने अपना जन्मदिन यही मनाया। बर्थडे पार्टी के बाद उन्होंने अपने कुछ दोस्तों से यह भी बताया कि पार्टी के बाद से ही उन्हें दर्द हो रहा है। हालांकि यह बात उन्होंने अत्यधिक गंभीरता से नहीं ली। सोमवार 30 जून को सुबह लगभग 8 बजे उनकी तबीयत खराब हुई जहां साथी डॉक्टरों ने उन्हें उपचार के लिए अस्पताल लेकर निकले थे जहां बीच रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

### सुभाष वार्ड नगर पालिका उपचुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सुभाष वार्ड नगर पालिका पार्षद उपचुनाव हेतु निर्वाचन कार्यालय का उद्घाटन सिवनी के लोकप्रिय एवं जनप्रिय विधायक एवं जिला भाजपा अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन जी व नगर पालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया जी के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। उद्घाटन उपरांत भाजपा प्रत्याशी व पार्टी पदाधिकारियों द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत प्रमुख सामाजिकजनों के निवास पर सौजन्य भेंट की गई। इस अवसर पर निम्न गणमान्यजन से संपर्क किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर जिला भाजपा के महामंत्री सहित नगर भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की मासिक बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी जिले के बिंझावाड़ा में मां चौंसठ योगिनी मंदिर में राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष स्वराज सिंह बघेल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ जिसमें स्वराज बघेल ने राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा हनुमान चालीसा केंद्र एवं अन्य आयामों के माध्यम से पदाधिकारीयो को अवगत कराया साथ ही स्थापना दिवस भी बनाया गया जिसमें आम , नीम , जामुन के फलदार वृक्ष का पौधारोपण किया गया राष्ट्रीय बजरंग दल महाकौशल प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष स्वराज सिंह बघेल , जिला अध्यक्ष गोलू ऊईके राष्ट्रीय बजरंग दल कार्यकारी अध्यक्ष कपिल अवधिया, संगठन मंत्री गौरी शंकर भलावी एचपी जिला महामंत्री नेतराम सनोडीया , राष्ट्रीय बजरंग दल जिला महामंत्री राजेश बघेल,ओमप्रकाश नगपुरे, राकेश बघेल, सुभम बघेल ,प्रशांत बिट्टू भारद्वाज , शिवम् सिंहराहा, जयकुमार तिवारी, अरविंद सनोडीयां, रामकुमार सनोडीया , प्रकाश बोरकर , भानु प्रताप सिंह ठाकुर सहित अन्य स्वयंसेवक सम्मलित हुए।

## पी जी कालेज में दीक्षारांभ समारोह का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में शासन के निर्देशानुसार प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत दीक्षा आरंभ समारोह 1 जुलाई 2025 से 3 जुलाई 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। दीक्षारंभ कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को नए परिवेश में सहज महसूस कराने, उनमें संस्थान की विशिष्ट प्रकृति तथा संस्कृति को सीखने एवं अन्य छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ संबंध बनाने तथा उन्हें व्यापक उद्देश्य तथा स्वयं की खोज की भावना से परिचित कराना है। इसी तारतम्य में आज प्रथम दिवस पर प्रचायर्य डॉ रविशंकर नाग एवं जन भागीदारी अध्यक्ष श्री अजय बाबा पांडे के विशिष्ट आथित्य में महाविद्यालय में दीक्षा आरंभ समारोह का शुरुआत की गई। प्रथम दिवस पर प्राचार्य के द्वारा प्रवेश उत्सव के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम संयोजक डॉ मान सिंह बघेल द्वारा महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं से नव प्रवेशित विद्यार्थियों का अवगत कराया गया।

डॉ सविता मसीह द्वारा वर्ष भर आयोजित किए जाने वाले सांस्कृतिक गतिविधियों के संदर्भ में प्रकाश डाला गया। दो एवं तीन जुलाई को भी महाविद्यालय के विभिन्न समिति संयोजकों के द्वारा नव प्रवेशित विद्यार्थियों को दीक्षारंभ कार्यक्रम के अंतर्गत शासन की योजनाओं से अवगत कराया जाएगा।

# फॉर्मर रजिस्ट्री, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती तथा बंटवारे के प्रकरणों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने कलेक्टर ने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



कलेक्टर सुश्री संस?कृति जैन की अध्यक्षता में सोमवार 30 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख की उपस्थिति रही। इसी तरह विभिन्न विभागों के खंडस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े थे।

बैठक में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया की सभी आवेदकों का शासकीय विभागों से जुडा कार्य समय-सीमा में नियमानुसार रूप से संपन्न हो। आवेदकों को अपने कार्य के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े। कलेक्टर सुश्री जैन सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि कोई भी शिकायत बिना अटेंड किये उच्च लेबल पर न पहुंचे तथा प्रत्येक लेबल पर अपडेट फॉलोअप दर्ज किया जाए।

कलेक्टर सुश्री जैन ने राजस्व प्रकरणों की अनुभागवार समीक्षा के दौरान राजस्व अधिकारियों को फॉर्मर रजिस्ट्री, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती तथा बटवारे के प्रकरणों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने के निर्देश सभी राजस्व अधिकारियों को दिये हैं।

कलेक्टर सुश्री जैन ने अभियान मोड में समग्र ई-केवायसी के लिए लंबित प्रकरणों को पूरा करने के निर्देश सभी सीईओ जनपदों एवं सीएमओ नगरपालिका को दिया है।

कलेक्टर सुश्री जैन ने शासन के निर्देशानुसार जून, जुलाई, अगस्त माह के लिए वितरित खाद्यान्न के वितरण प्रगति की समीक्षा करने के साथ ही साथ स्कूलों के मध्यान्ह भोजन, आंगनवाड़ी केन्द्रों के पोषण आहार के लिए खाद्यान्न के उठाव की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। कलेक्टर सुश्री जैन ने शासकीय विद्यालयों के बालक-बालिका शौचालय आदि की मरम्मत की प्रगति की जानकारी लेकर भी त्वरित रूप से मरम्मत कार्यवाही करने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिये हैं।

कलेक्टर सुश्री जैन ने खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली फसलों को ध्यान में रखते हुए जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज एवं उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश कृषि विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों को दिये गए हैं।

# शास.उच्च.माध्य.विद्यालय गंगेरुआ में संपन्न हुआ विदाई समारोह

**गोकलपुर-।**
शास.उच्च.माध्य.विद्यालय गंगेरुआ में पदस्थ श्री मदन सिंह कटरे(चतुर्थ श्रेणी)को सेवानिवृत्त होने तथा श्री रविन्द्र कुमार पटले(अध्यापक) के स्थानांतरित होने पर भावभीनी बिदाई दी गई।उक्त कार्यक्रम के मुख्यातिथि के रुप में सेवानिवृत्त हो रहे श्री मदन सिंह कटरे,श्री रविन्द्र कुमार पटले(स्थानांतरित) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शास.हाईस्कूल के प्राचार्य श्री जी पी अग्रवाल जी,श्री एस.के.चौरसिया सेवानिवृत्त शिक्षक,श्री हरेंद्र पटले जनपद सदस्य,श्री एन. आर.राणा अध्यापक(एमलबी विद्यालय सिवनीं),श्री नन्दकिशोर पटले जी सरपंच गंगेरुआ रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख श्री पी सी भलावी जी ने की।सर्वप्रथम उपस्थित सभी मुख्यातिथि,विशिष्ट अतिथि एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष आदि ने माँ सरस्वती के छायाचित्र पर सुमन अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया।तत्यपश्चात कार्यक्रम की शुरुआत की गई।उपस्थित सभी शिक्षकों ने श्री मदन कटरे जी,श्री रविन्द्र कुमार पटले सहित सभी अतिथियों का पुष्पमाल्यार्पण कर स्वागत किया।कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए श्री एन आर राणा जी ने श्री मदनसिंह कटरे तथा श्री रविन्द्र कुमार पटले जी के साथ बिताए लम्हों को याद किया। श्री जी पी अग्रवाल जी ने कहा कि श्री मदन सिंह कटरे व श्री रविन्द्र कुमार पटले जी हमेशा अपने कार्यो के लिए याद किये जायेंगे।श्री हरेंद्र पटले जी ने कहा कि आपके समर्पण एवं लगन हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेगी। श्री नन्दकिशोर पटले जी ने कहा कि श्री मदन सिंह कटरे जी व श्री रविन्द्र कुमार पटले जी का मार्गदर्शन सैदेव मिलता रहे ऐसी हम सभी कामना करते हैं।
कार्यक्रम का मंच संचालन कर रहे श्री आनंद जायसवाल प्राथमिक शिक्षक द्वारा अभिनंदन पत्र का वाचन करते हुए कहा कि अनुकरणीय हैं कर्म आपका,अग्रदूत आप कहलाओगे। अभिनंदन हैं आज आपका,आप न भुलाए जाओग सेवानिवृत्त हो रहे श्री मदन सिंह कटरे जी द्वारा विद्यालय में बिताए लम्हों को याद किया गया।श्री रविन्द्र कुमार पटले जी ने कहा कि मेरे कार्यकाल में संस्था द्वारा जो सहयोग और सम्मान मिला उसे मैं हमेशा याद रखूंगा।कार्यक्रम ने अंत में सेवानिवृत्त हो रहे श्री मदनसिंह कटरे एवं स्थानांतरित हो रहे श्री रविन्द्र कुमार पटले जी को शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। संस्था की उच्च माध्यमिक शिक्षिका श्रीमती उषा साहू ने श्री मदनसिंह कटरे जी व श्री रविन्द्र कुमार पटले जी को सहज,सरल व्यक्तित्व के धनी निरूपित कर उपस्थित सभी अतिथियों का आभार प्रगट कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।कार्यक्रम में मुख्यरूप से शास.उच्च.माध्य.विद्यालय गंगेरुआ के संस्था प्रमुख श्री पी सी भलावी,शास.हाईस्कूल बीझांवाडा के संस्था प्रमुख श्री जी पी अग्रवाल,श्री एन. आर.राणा एमलबी सिवनीं,श्री हरेंद्र पटले जनपद सदस्य,श्री नन्दकिशोर पटले सरपंच गंगेरुआ, सेवानिवृत्त शिक्षक श्री एस के चौरसिया(बरघाट),श्री यू एस वट्टी जनशिक्षक गंगेरुआ, श्री डी के गढ़पाल,श्रीमती उषा साहू,श्री दीपक कुमार बिसेन,श्री आर.आर दुर्गे,श्री केशव डहेरिया,श्री रितेश कुमार एडे, श्री अंकित गजभिये,श्रीमती रोमा बोपचे,श्री तेजसिंह ठाकुर,श्री मनोज भोमले, श्री अनिल कुमार राहंगडाले,श्री युवराज कटरे, श्री रामधन सोनवाने, श्री रूद्रकुमार चौहान,श्री जितेंद्र बघेल,श्री राजदीप भालेकर,श्री आनंद जायसवाल सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# म.प्र.जूनियर वर्ग का फाईनल राउंड संपन्न

### फाईनल में बालाघाट ने जबलपुर को 1-0 से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

म.प्र.फुटबाल संघ द्वारा जिला फुटबाल संघ सिवनी को सौंपे गये जूनियर वर्ग के फाईनल राउंड के अन्तर्गत आज का प्रथम मैच हार्ड लाईन प्रातः 10:00 बजे से भोपाल एवं इंदौर के मध्य खेला गया जिसमें भोपाल की टीम ने इंदौर को 2-0 से पराजित किया। भोपाल की ओर से मलयगंबा तथा दूसरा गोल पीयुष ने किया। इस मैच के निर्णायक श्री मुकेश तिलासी एवं सहायक निर्णायक श्री रासिद खान श्री नीतेश मरावी तथा फोर्थ रैफरी श्री शाहरूख खान थे।आज का दूसरा मैच दोपहर 2:30 बजे जूनियर वर्ग का फाईनल मैच जबलपुर एवं बालाघाट के मध्य खेला गया जो बहुत रोमांचकारी रहा। खेल के 66वें मिनट में बालाघाट के राज द्वारा एक मात्र गोल मारकर अपनी टीम को प्रदेश की श्रेष्ठ टीम बनाने का गौरव हासिल किया। इस मैच के निर्णायक श्री विजेन्द्र परमार रहे जबकि सहायक निर्णायक श्री शिवानंद नंदा,श्री शाहरूख खान एवं फोर्थ आफिसियल श्री रासिद खान रहे। पूरी प्रतियोगिता में मैच कमीश्नर की भूमिका भोपाल के श्री प्रशांत ने निभाई। फाईनल मैच के उपरांत दोनों टीमों के खिलाड़ियों से श्री मोनू मिश्रा विधायक प्रतिनिधि एवं श्री प्रवीण नायडु ने परिचय प्राप्त कर विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्राफियां प्रदान की। ट्राफी श्री महेश सिंह सिसोदिया के द्वारा अपने माता पिता क्रमशः स्व.श्री करतार सिंह सिसोदिया एवं स्व.श्रीमति रामप्रभा सिसोदिया की स्मृति में प्रदान की गई। सिवनी में होने वाले प्रशिक्षण हेतु चयनित खिलाड़ियों की सूची से सभी को अवगत कराया गया। अंत में सभी सहयोगी के प्रति आभार सचिव द्वारा प्रकट किया गया।

# तन, मन, से सहयोग करना भी दान है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



श्री पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर मे महासमाधि धारपरम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज द्वारा दीक्षित परम पूज्य आचार्य समयसागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में 1 जुलाई को प्रातः काल की बेला में मांगलिक क्रियाये की गई।

महोत्सव 2 जुलाई बुधवार को प्रातः 8 बजे श्री नेमि नाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर श्री नेमि नाथ भगवान की प्राचीन विशाल प्रतिमा का महामस्तकाभिषेक ,शांतिधारा निर्वाण लाडू अर्पण किया जाएगा ।

इस अवसर पर धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि श्री भाव सागर जी महाराज ने कहा कि भोजन झूठा नहीं छोडऩा चाहिए ,गऱीब लोगों को भोजन नहीं मिलता है इसलिए जल ,भोजन ,धन आदि की बर्बादी नहीं करना चाहिये । देश में कई ऐसे गऱीब व्यक्ति होते है जिनको भोजन नहीं मिलता है और कई लोग भोजन को बर्बाद करते रहते है । जल को भी बर्बाद नहीं करना चाहिये । खेतों से लेकर भोजन बनने तक की यात्रा के बारे मैं ज़रूर सोचे ,परिवार के प्रत्येक व्यक्ति को धन देना चाहिए जिससे वह पैसे नहीं उठाये, सम्मान के साथ धन देना चाहिए । तन , मन, से सहयोग करना भी दान है ।

## सम्मान में आयोजित हुआ विदाई समारोह

# ग्राम पंचायत सचिव का हुआ ट्रांसफर, ग्रामीण हुए भावुक



**कान्हीवाड़ा-सिवनी।** जिले की जनपद पंचायत सिवनी अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत डिवठी के सचिव श्री हरिशंकर साहू का पिछले दिनों ट्रांसफर हो गया है। पिछले 12 वर्षों से यहां पदस्थ श्री साहू का ट्रांसफर होने से ग्रामीण काफी दुखी हैं। उनके सम्मान में ग्रामीणों द्वारा विशाल विदाई समारोह का आयोजन पंचायत भवन में किया गया। जहां बड़ी संख्या उपस्थित ग्रामीणों,माताओं ,बहनों ने सचिव हरिशंकर साहू का सम्मान किया।ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 12 वर्षों से यहां पर पदस्थ सचिव महोदय से सभी क्षेत्रवासियों का आत्मीय लगाव है, उन्होंने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्य को जन-जन तक पहुंचा और लोगों को लाभ पहुंचाया, ग्रामीणों की हर समस्या को गंभीरता सुना,समझा और उसका समय पर निराकरण किया।

लोगों ने बताया कि ग्रामीणों को छोटे-छोटे काम के लिए पंचायत आने की आवश्यकता नहीं पड़ती थी सचिव महोदय घर जाकर उनका कार्य करते थे। ग्रामीणों से इतना स्नेह,सम्मान पाकर श्री साहू भी भावुक दिखे। इस कार्यक्रम में पूर्व सरपंच और वर्तमान जनपद सदस्य सेवकराम ठाकुर, पूर्व सरपंच नारायण जावरे, पूर्व जनपद सदस्य गया प्रसाद कुमरे, पन्नालाल चंद्रवंशी, रामदास ठाकुर, भजनलाल मरावी, बैसाखू विश्वकर्मा, मंगल सिंह उइके, जय सिंह भलावी, वचनलाल विश्वकर्मा, शफीकुर्रहमान, अनिल जावरे, विनोद कांवरे, अदीप साहू आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# रोटरी ने किया डॉक्टर्स और सीए-डे पर रिले रेस का आयोजन

# रोटरी वैनगंगा और दीवास ने की नए सत्र की शुरूआत






### जिले में सामाजिक कार्यो में अग्रणी संस्था रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा और रोटरी दीवास ने 01 जुलाई से नए सत्र की शुरूआत, डॉक्टर्स और सीए-डे पर रिले रेस से की।

बालाघाट।

नगर के सूर्य नमस्कार पथ में रिले रेस का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर्स, सीए और रोटेरियंस ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा अध्यक्ष रोटे. सुकुमार जैन और दीवास अध्यक्ष ऋतु माहेश्वरी ने बताया कि डॉक्टर्स और सीए-डे पर आयोजित रिले रेस में बतौर अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर, एसडीएम गोपाल सोनी, पीडीजी रोटे. डॉ. निखिलेश त्रिवेदी तथा डीजीए भानुप्रतापसिंह चौधरी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

पदाधिकारीद्वय ने बताया कि इस रिले रेस में विजेता डॉ. सारांश जैन, डॉ. श्रेय जैन और डॉ. अमीषा जैन रहे। जबकि फर्स्ट रनर अप में रोटे. रविंद्र जैन ,रोटे. संतोष सचदेव, रोटे. नितिन चोपड़ा एवं रोटे. सौरभ महेश्वरी तथा सेकंड रनर अप में रोटे. विशाल मंगलानी, रोटे. विक्की जीवानी, रोटे. प्रीतेश चौरड़िया और रोटे. विकास सचदेव, थर्ड रनर अप में डॉ. सुलभ पगारिया, डॉ. रैनी पगारिया, डॉ. अंकित जैन एवं डॉ. दीप्ति जैन रहे। जिन्हें क्लब की ओर से मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

रिले रेस कार्यक्रम में रोटे. नितिन चोपड़ा, सीए रविन्द्र वैद्य, सुनील चौरसिया, कोषाध्यक्ष विकल्प जैन, अमित रंगलानी, अंशुल अग्रवाल, अनूप वेगड़, डॉ. अक्षय अरोरा, गौरव माहेश्वरी, संतोष सचदेव, सौरभ माहेश्वरी, सुरेन्द्र ठाकरे, सुमित बाघरेचा, दिलीप कारडा, योगेन्द्र मेश्राम, श्रीकांत गचके, सचिव निलेश पटेल, अकेत माहेश्वरी, विक्रम त्रिवेदी, अर्चित नेमा, जय अग्रवाल, डॉ. अजीत गणवीर, डॉ. श्यामसुंदर पिछोड़े और मनोज लिल्हारे, दीवास अध्यक्ष ऋतु माहेश्वरी, सचिव रोटे. गुलशन माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष रोटे. रश्मि बागरेचा, रोटे. दिव्या वैद्य, रोटे. श्रुति तिवारी, रोटे. मेघा चोपड़ा, रोटे. पूनम सचदेव, रोटे. गीता सचदेव, रोटे. स्नेहा वैद्य, रोटे. पूजा अग्रवाल, रोटे. चारू जैन, रोटे. नम्रता कांकरिया, रोटे. दीप्ति जैन, रोटे. सविता पालेवार, रोटे. कृति बोथरा, रोटे. श्वेता सेठिया, रोटे. प्रीति खटोड़, रोटे. सुरभि कारडा सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### 30 जून की मध्यरात्रि से 1 अक्टूबर 2025 तक रेत खदानों से खनन पर प्रतिबंध

**बालाघाट।** भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा दिनांक 14 जून 2019 एवं भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, नागपुर के पत्र के अनुसार, मध्यप्रदेश मे वर्षा ऋतु के लिए मानसून सत्र की अवधि 15 जून से 01 अक्टूबर निर्धारित है। संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म, भोपाल के दिये गये निर्देशानुसार कलेक्टर श्री मृणाल मीणा ने जिले मे मानसून सत्र अवधि एवं स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए दिनांक 30 जून 2025 के मध्य रात्रि से दिनांक 01 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित कर इस अवधि मे जिले में संचालित समस्त रेत खदानों मे खनन कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया है। इसके साथ ही जिले के ई-निविदाकार/ अनुबंधित ठेकेदारों को रेत खदानो मे रेत निकासी हेतु बनाई गई अस्थाई संरचना जैसे पुल-पुलिया, सड़क हेतु डाली गई मिट्टी, मुरूम आदि मलबा को नदी के जल प्रवाह क्षेत्र से तत्काल हटाने के निर्देश दिये गए है। जिले मे स्वीकृत समस्त रेत खदानों के ई-निविदाकार/ अनुबंधित ठेकेदारो से कहा गया है कि उक्त आदेश का पालन सुनिश्चित करे।

### फॉर्मर रजिस्ट्री एवं खसरा आधार लिंकिंग के लिए 2 एवं 4 जुलाई को विशेष शिविरों का आयोजन

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना का लाभ लेने के लिये किसान की फॉर्मर रजिस्ट्री होना अनिवार्य है। फार्मर रजिस्ट्री नहीं होने पर किसान को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। माह जून 2025 की पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये किसान की फॉर्मर आईडी का होना अनिवार्य है। इसी परिप्रेक्ष्य में राजस्व विभाग व कृषि विभाग के निर्देशन के परिपालन में 02 जुलाई एवं 04 जुलाई को जिले की सभी तहसीलों की प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर श्री मृणाल मीणा ने सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि 02 जुलाई एवं 04 जुलाई को अपने क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत में किसानों की फॉर्मर आईडी बनाने एवं खसरे को आधार नम्बर से लिंक करने के लिये शिविर आयोजित करें। इन शिविरों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिये गांवों में मुनादी कराने के निर्देश दिये गए है। प्रत्येक शिविर में पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, सहकारी समिति के कर्मचारी, ग्राम कोटवार, सर्वेयर की टीम को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये गए है। फार्मर आईडी बनाये जाने के लिये शेष सभी हितग्राहियों की जानकारी गूगल शीट के माध्यम से उपलब्ध कराने कहा गया है। जिसमे शतप्रतिशत जानकारी दर्ज करना होगा। सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है कि 02 जुलाई एवं 04 जुलाई को प्रातः 08 बजे से दोपहर 02 बजे एवं अपरान्ह 4 बजे से शाम 6 बजे तक शिविरों की सतत निगरानी करे और शाम 06 बजे तक गुगल सीट में कार्य की प्रगति से अवगत कराए। जिले के किसानों से अपील की गई है कि यदि उनकी फॉर्मर आईडी अब तक नहीं बन पायी है और खसरे की आधार से लिंकिंग नही हुई है तो 02 एवं 04 जुलाई को उनके ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में जाकर अपनी फार्मर आईडी अवश्य बनवाए और खसरे को आधार से लिंक कराए।



## सरकारी नौकरी पाने की खुशी चेहरों पर झलकी

### एम.पी. ट्रांसको में चयनित अभ्यर्थियों ने कराए दस्तावेजों के भौतिक परीक्षण

**बालाघाट** ऊर्जा विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) में विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के भौतिक परीक्षण की प्रक्रिया 01 जुलाई 2025 से मुख्यालय शक्ति भवन जबलपुर में प्रारंभ हो गई। शासकीय सेवा में नियुक्ति का सपना साकार होने की संतुष्टि और उल्लास चयनित अभ्यर्थियों के चेहरों पर साफ झलक रहा था। पहले दिन कुल 22 अभ्यर्थियों ने आत्मविश्वास और प्रसन्नता के साथ दस्तावेज परीक्षण में भाग लिया। दस्तावेज सत्यापन के लिए अभ्यर्थी नियत समय पर आवश्यक प्रमाणपत्रों के साथ उपस्थित हुए और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए परीक्षण संपन्न कराया। दस्तावेज परीक्षण की यह प्रक्रिया आगामी 3 जुलाई तक प्रतिदिन जारी रहेगी, जिसके अंतर्गत विभिन्न पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच की जाएगी।

एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता श्री धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि दस्तावेज परीक्षण के पहले दिन कनिष्ठ अभियंता (पारेषण-प्रशिक्षु) एवं सिविल लाइन परिचारक (प्रशिक्षु) पदों के लिए चयनित 22 अभ्यर्थियों ने अपने दस्तावेजों का परीक्षण कराया। उन्होंने आगे बताया कि दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात शीघ्र ही नियुक्ति आदेश जारी कर दिए जाएंगे, ताकि चयनित अभ्यर्थी समय पर विभाग की सेवा में योगदान दे सकें।

## किरनापुर पुलिस ने नये कानून के एक साल पूरे होने पर हिर्री बाजार में लोगों को जागरूक किया

**किरनापुर।** किरनापुइर पुलिस थाने के थाना प्रभारी अशोक कुमार ननामा ने नए कानूनों के 1 साल पूरे होने पर मंगलवार हिर्री बाजार में जागरूकता फैलाई। उन्होंने लोगों को नए कानूनों के बारे में जानकारी दी और उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में बताया। साथ ही, पुलिस ने यह भी बताया कि नए कानूनों के तहत, अब किसी भी थाने में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराई जा सकती है, जिसे 'जीरो एफआईआर' के रूप में दर्ज करना अनिवार्य है।

पुलिस ने बताया कि नए कानूनों में केस में दस्तावेजों की प्रक्रिया 30 दिनों में पूरी करने और अदालत को 30 दिनों में फैसला सुनाने का भी प्रावधान है।

इसके अलावा, पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर कोई पुलिसकर्मी बेवजह परेशान करता है तो शिकायत कैसे दर्ज कराई जाए।

इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य था कि लोग अपने अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक हों और नए कानूनों का सही तरीके से पालन करें।

**मुख्य बातें: नए कानून:**

1 जुलाई से लागू हुए तीन नए आपराधिक कानून।

**जीरो एफआईआर:** अब किसी भी थाने में एफआईआर दर्ज कराई जा सकी है।

## एसडीएम किरनापुर के निर्देश पर एस डी ई आर एफ की टीम ने सर्पदंश की घटनाओं के प्रति जागरूकता के लिए हिर्री बाजार में लगाया गया शिविर

किरनापुर

तहसील किरनापुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत हिर्री के बाजार में एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल (राजस्व)विभाग एवं होमगॉर्ड की टीम द्वारा सर्पदंश के घटनाओं के प्रति जागरूकता के लिए शिविरों का आयोजन किया गया । यह शिविर ऐसे स्थानों पर लगाए जा रहे है जहां पर सर्पदंश की घटनाए अधिक होती है। इसी कड़ी में

,01जुलाई को किरनापुर विकासखंड के ग्राम हिर्री में शिविर लगाकर आमजन को सर्पदंश से बचाव एवं सांप के काटने पर बचाव व उपचार करने संबंधी जानकारी दी गई। शिविर में एसडीआरएफ के जवान हवलदार शैलेन्द्र कुमार बिसेन, कर्ण सिंह वल्के, विशेष कुतराहे, आशीष खरोले,हिरालाल टेकाम, देवेंद्र गेडाम, एवं डीआरसी की टीम से यशवंत गबने,संवदलाल रहांगडाले, चेतन सिंह इड़पांचे,सतीष तोमर, संजय चौधरी सभी के द्धारा सांप डंस एवं पकड़ने का डेमोनडेशन किया गया।

किरनापुर एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल के मार्गदर्शन में हिर्री बाजार में में सर्पदंश के प्रति जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों को बताया गया कि जंगल, खेत या घने पेड़ पौधे वाले क्षेत्र में चलते समय सावधानी बरते। लंबे पेंट, जूते, दस्ताने पहनने से सांप के काटने से बचा जा सकता है। रात में अंधेरे में बाहर न निकले आवश्यक होने पर टॉर्च या लाईट का उपयोग करे। घर के आसपास कुड़ा-कचरा जमा न होने दे । पत्थरों, लकड़ियों या अन्य वस्तुओं के नीचे हाथ न डाले। बारिश के मौसम में अधिक सावधानी बरते। क्योंकि इस मौसम में सांप अधिक सक्रिय हो सकते है। यदि सांप दिखाई दे तो उसे परेशान न करे बल्कि शांति बनाकर दूर हट जाए। सांप को छूने से बचे और उससे सुरक्षित दूरी बनाए रखे।

शिविर में बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति को सांप काट लेता है तो उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था करे। मरीज के उपचार के लिए पंडे-पुजारी एवं झाड़-फूंक के चक्कर में कतई न जाए। सांप के काटने पर व्यक्ति की जान झाड़-फूंक एवं मंत्र आदि से नहीं बचाई जा सकती है। व्यक्ति की जान केवल एंटी स्नैक वेनम से ही बचाई जा सकती है। इसके लिए जरूरी है कि सांप काटे व्यक्ति को जल्द से जल्द पास के अस्पताल पहुंचाया जाए।

शिविर में बताया गया कि सांप के काटने पर करीब-करीब 95 प्रतिशत मामलों में पहला लक्षण नींद का आना है, इसके साथ ही निगलने या सांस लेने में तकलीफ होती है, आमतौर पर सांप काटने पर आधे घंटे बाद लक्षण दिखाई देने लगते हैं। सांप के काटने पर घाव के आसपास रस्सी न बांधें, ब्लेड से न काटें और पारम्परिक तरीकों का इस्तेमाल न करें और मुंह से खून न चूसें। सांप काटने पर व्यक्ति को दिलासा दें और घटना के तथ्यों का पता लगायें। गीले कपड़े से डंक की जगह की चमड़ी को साफ करें, जिससे वहां पर लगा विष निकल जाये। सांप काटे व्यक्ति को करवट सुलायें, क्योंकि कई बार उल्टी भी होने लगती है, इसलिये करवट सुलाने से उल्टी श्वसन तंत्र में ना जाये। जहां पर सांप ने काटा है उस स्थान पर हल्के कपडे.से बांध देवें, ताकि हिलना डुलना बंद हो जाये।

# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर चिकित्सकों ने किया 15 यूनिट रक्तदान



बालाघाट।

01 जुलाई राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय बालाघाट के ब्लड बैंक यूनिट में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.परेश उपलप एवं सिविल सर्जन डॉ. नीलय जैन सहित अन्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा करीब 15 यूनिट रक्तदान किया गया। सिविल सर्जन डॉ. नीलय जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस का आयोजन जिला चिकित्सालय बालाघाट में किया गया। जिसमें चिकित्सकों को स्वास्थ्य सेवाओं को जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने का आव्हान किया गया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक यूनिट में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ.परेश उपलप, डॉ.श्रेयांश सेठिया, डॉ.प्रशांत जैन, डॉ.प्रवीण ज्योतिषी, डॉ.आशीष गिरी, डॉ.उमंग बघेल, डॉ.नीतेन्द्र रावतकर, डॉ.आशुतोष बांगरे सहित अन्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा रक्तदान किया गया।

## दुरस्थ क्षेत्रों के ग्रामीण वित्तीय लेन-देन के लिए बैंको से जुड़े

**बालाघाट।** अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने जिले के दुरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगो से अपील की है कि वित्तीय लेन-देन के लिए वे बैंको से जुड़े और अपने खाते खुलावाएँ। बैंक में खाते खुलवाने से उन्हें प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं अन्य योजनाओं का लाभ सुगमता से मिलेगा। बैंक से जुड़ने पर दुरस्थ एवं पहुंच विहीन क्षेत्रों के ग्रामीणों को बैंको से जरूरी काम के लिये ऋण मिलेगा। जिससे वे अपनी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकेंगे और विकास की ओर अग्रसर होंगे। बैंक से जुड़ने में उन्हें साहूकारों या अन्य व्यक्तियों से ऋण लेने की जरूरत नहीं होगी। साहूकारों से लेन-देन करने पर व्यक्ति को ब्याज एवं कर छूट का लाभ नही मिलता है। अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री कुमार ने बताया कि देश एवं प्रदेश के विकास के लिए वित्तीय समावेशन जरूरी है। इसका सीधा सा अर्थ दूर-दराज क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति तक बैंक की सेवाओं की पहुंच होना है। वित्तीय समावेशन होने से क्षेत्र के आर्थिक उत्थान में मदद मिलती है और बैंको के माध्यम से सभी लेन-देन पारदर्शी रूप से सम्पन्न होते है।



## टीबी के मरीजों की पहचान के लिए नगपुरा एवं बघोली में लगाया गया शिविर

### 57 व्यक्तियों का हुआ एक्स-रे

बालाघाट।

क्षय रोग (टीबी) के मरीजों की पहचान कर उनका उपचार प्रारंभ करने के लिए जिले में 100 दिवसीय निक्षय अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत 01 जुलाई को विकासखंड लालबर्रा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर नगपुरा एवं बघोली में निक्षय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे बघोली सरपंच श्री अरशद पटेल मुख्य उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जिला बालाघाट सीएमएचओ डॉ परेश उपलव के मार्गदर्शन में जिला क्षय अधिकारी डॉ प्रियव्रत सोनकर एवं लालबर्रा बीएमओ डॉ ऋत्विक पटेल के दिशा निर्देशन में टीबी मुक्त भारत की शपथ ली गई। बघोली के स्वास्थ्य शिविर में 50 लोगों की स्क्रीनिंग एवं 30 एक्स-रे किये गए एवं 08 संभावित मरीजो के बलगम की जाँच सैंपल लिए गए। शिविर में 04 पोषण मित्रों का रजिस्ट्रेशन किया गया एवं नगुपरा में 40 मरीजो की स्क्रीनिंग एवं 27 मरीजो का एक्स-रे किया गया। इस प्रकार इन दोनों शिविरों में 57 मरीजों का एक्स-रे किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणो को सरपंच द्वारा टीबी मुक्त भारत की शपथ दिलायी गई।

## पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में पंजीयन की अंतिम तिथि 18 जुलाई, दो चरणों में जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर होगी प्रतियोगिता

बालाघाट।

मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी पर्यटन क्विज प्रतियोगिता प्रदेश स्तर पर किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता दो चरणों में होगी। प्रथम चरण 1 अगस्त 2025 को जिला स्तर पर होगा, वहीं दूसरा चरण 26 सितंबर 2025 को राज्य स्तर पर होगा। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी हिस्सा ले सकेंगे। पंजीयन 25 जून 2025 से प्रारंभ हो गए है और इसकी अंतिम तिथि 18 जुलाई 2025 शाम 05:30 बजे तक निर्धारित है। कलेक्टर श्री मृणाल मीणा ने जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक को इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए अधिक से अधिक छात्र छात्राओं का पंजीयन कराने के निर्देश दिये है।

प्रदेश के समृद्धिशाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरुषों, पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से विद्यार्थियों को अवगत कराने और पर्यटन के माध्यम से जागरूक करने के उद्देश्य से 'पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। वर्ष 2016 से इस प्रतियोगिता का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। इसमें मध्यप्रदेश के समस्त जिलों में एक साथ व एक ही तिथि को मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा जिला प्रशासन, जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद एवं स्कूल शिक्षा के सहयोग से 2 चरणों (जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय) में किया जाता है। वर्ष 2024 में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में प्रदेश के शासकीय एवं अशासकीय लगभग 7300 स्कूल के 21900 बच्चों ने प्रतिभागिता की थी।

**इस प्रकार करें ऑनलाइन होंगे पंजीयन-** विद्यालय प्राचार्य/प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों की टीम का पंजीयन 25 जून 2025 से ऑनलाइन माध्यम से किया जा रहा है। लिंक पर जाकर पंजीयन कराया जा सकता है।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agril) Engg.
• M.Sc. (Ag.) AGRONOMY HORTICULTURE
ABM
PARAMEDICAL
BPT | BMLT
BHN | DMLT | DXRT
D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION
BCA | MCA
B.SC. | M.SC.
DCA | PGDCA
COMMERCE
• B.Com • M.Com
NURSING
GNM | B.Sc. Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111